प्रेस नोट
(दिनांक 30.10.2025)

श्रीमान ओम प्रकाश पुलिस आयुक्त जोधपुर के निर्देशानुसार, पुलिस आयुक्तालय जोधपुर में अपराध और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने एवं यातायात नियमों की पालना हेतु दिनांक 30.10.2025 को वक्त 5:00 पीएम से 7:00 एम तक चिन्हित स्थानों पर "ए" श्रेणी की सघन नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों की चैकिंग कार्यवाही अभियान चलाया गया।

श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय के निर्देशन में आयुक्तालय क्षेत्र जोधपुर में श्री विनीत कुमार बंसल पुलिस उपायुक्त जिला जोधपुर पश्चिम व श्री शाहीन सी. पुलिस उपायुक्त जिला पूर्व / मुख्यालय एवं यातायात के सुपरविजन तथा समस्त अतिरिक्त पुलिस उपायुक्तगण तथा सहायक पुलिस आयुक्तगण के नेतृत्व में समस्त पुलिस थानाधिकारीयों को अपने-अपने थाना क्षेत्र में चिन्हित स्थानों पर "ए" श्रेणी की सघन नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों की चैकिंग कार्यवाही अभियान के तहत एमवी एक्ट ,106 बीएनएसएस,आर्म्स एक्ट,आबकारी एक्ट, एनडीपीएस एक्ट तथा अन्य लोकल एवं स्पेशल एक्ट की कार्यवाही तथा स्टैंडिंग वारंटी और गिरफ्तारी वारंटीयो की गिरफ्तारी की कार्यवाही एवं किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि पाई जावे तो तुरंत आवश्यक कानूनी कार्यवाही/निरोधात्मक कार्यवाही की जाने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय के निर्देशों की पालना में समस्त अतिरिक्त पुलिस उपायुक्तगण तथा सहायक पुलिस आयुक्तगण ने सभी थाना अधिकारी एवं पुलिस बल को इस अभियान के संबंध में ब्रीफ कर अलग-अलग टीमें बनाकर ज्यादा से ज्यादा कार्यवाही करने हेतु रवाना किया गया।

पुलिस आयुक्तालय जोधपुर में **29** चिन्हित नाकाबंदी स्थानों पर 2 घंटे संदिग्ध वाहनों की सघन चैकिंग अभियान के दौरान जिला पूर्व एवं जिला पश्चिम में कुल **359** दुपहिया व **613** चार पहिया वाहन चेक किए गए जिसके अंतर्गत **63** वाहनों का एमवी एक्ट में चालान कार्यवाही, अन्य लोकल एवं स्पेशल एक्ट में कुल **05** कार्यवाही की गई । जिसमें पुलिस थाना महामंदिर व चौपासनी हाउसिंग बोर्ड द्वारा दो -दो प्रकरण तथा प्रताप नगर सदर द्वारा एक प्रकरण दर्ज, पुलिस थाना झंवर द्वारा आबकारी एक्ट में 01 कार्यवाही ,170बी.एन.एस.एस.के तहत **08** व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही तथा **01** स्टैंडिंग वारंटी और **05** गिरफ्तारी वारंटीयो को गिरफ्तार किया गया।

आमजन से आग्रह है कि आपके आस-पास क्षेत्र में किसी भी प्रकार की गैरकानूनी, अनैतिक, अवैध शराब/मादक पदार्थ बिक्री व संदिग्ध व्यक्ति आदि की जानकारी होने पर इसकी सूचना तुरंत संबंधित पुलिस थाना या पुलिस नियंत्रण कक्ष 100/112 व व्हाट्सएप नंबर 9530440800 पर सूचित करें।

प्रभारी

पुलिस नियंत्रण कक्ष

आयुक्तालय जोधपुर